4

सड़क निर्माण में अनियमितता, बिना खुदाई के बिछाई मिट्टी




**खबर संक्षेप**

### नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर को

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में आगामी 12 सितंबर शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मुकदमों का आपसी रजामंदी से त्वरित निपटारा करना है। राजस्व न्यायालयों में राजस्व अधिकारियों द्वारा राजस्व मामले भू-अर्जन, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा। वहीं समस्त राजीनामा योग्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, शमनीय मामले, बैंक के वसूली, नगर पालिक निगम, दूरसंचार विभाग की वसूली योग्य एवं न्यायालय के लंबित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जाएगा। जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु निवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, तालुका विधिक सेवा समिति कुनकुरी, तालुका विधिक सेवा समिति बगीचा एवं तालुका विधिक सेवा समिति पत्थलगांव में संपर्क कर सकते है।

### जन्म प्रमाण पत्र बनाने मांगा पैसा, सचिव निलंबित

**बलरामपुर।** जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रूपए मांगने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम ने रूपए मांगने की पुष्टि होने पर पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है। बता दें कि जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम पंचायत भेलवाडीह के पंचायत सचिव विष्णुपद मण्डल को ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के नाम पर राशि मांगने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया में एक ऑडियो प्रसारित होने के बाद की गई जिसमें ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाए जाने के लिए 200 रूपए की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत स्तर पर दो सदस्यीय जांच दल गठित कर मामले की जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाई गई। जांच में पाया गया कि पंचायत सचिव का कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम, 1998 के नियम 3(1)(2)(3) का उल्लंघन करते हुए कदाचार की श्रेणी में आता है। इसके बाद संबंधित पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। पंचायत सचिव द्वारा 17 जुलाई 2026 को अपना जवाब प्रस्तुत किया गया, लेकिन सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसका परीक्षण करने पर जवाब असंतोषजनक पाया गया।

बने 3 हजार वाटर एब्जॉर्प्शन टैंक, भू-जल संवर्धन को मिलेगा नया आधार

# मोर गांव, मोर पानी अभियान से घोघर बना प्रेरणादायी मॉडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मोर गांव, मोर पानी अभियान से घोघर एक प्रेरणादायी मॉडल बन गया है। यहां बने 3 हजार वाटर एब्जॉर्प्शन टैंक से भू-जल संवर्धन को नया आधार मिलेगा। वर्षा जल संरक्षण के लिए यह एक अनूठी पहल है।

- वर्षा जल संरक्षण की है यह अनूठी पहल

जल सुरक्षा सुनिश्चित करने, भू-जल स्तर को सुदृढ़ बनाने तथा प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के उद्देश्य से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण योजनांतर्गत संचालित मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के तहत बगीचा विकासखंड की ग्राम पंचायत घोघर में 3 हजार वाटर एब्जॉर्प्शन टैंक का निर्माण किया गया है। यह पहल वर्षा जल संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आई है और जल प्रबंधन की दिशा में घोघर ग्राम पंचायत को एक प्रेरणादायी मॉडल के रूप में स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जिससे लोगों में वर्षा जल के महत्व, भू-जल संरक्षण तथा भविष्य में संभावित जल संकट के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान वर्षा जल के अधिकतम संचयन, भू-जल पुनर्भरण और टिकाऊ कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक प्रभावी एवं दूरदर्शी पहल सिद्ध हो रहा है।

#### वर्षा जल का होगा प्रभावी संचयन

ग्राम पंचायत घोघर में निर्मित वाटर एब्जॉर्प्शन टैंक वर्षा ऋतु के दौरान बहकर व्यर्थ जाने वाले पानी को भूमि के भीतर समाहित करने का कार्य कर रहा है। इससे भू-जल स्तर के पुनर्भरण में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा खेतों में लंबे समय तक नमी बनी रहेगी। परिणामस् वरूप किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी और कृषि अधिक टिकाऊ एवं लाभकारी बन सकेगी। यह पहल भविष्य में जल संकट और सूखे जैसी परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन तथा जल संसाधनों के वैज्ञानिक व सतत उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा।

#### है व्यापक नजागरूकता अभियान

मोर गांव, मोर पानी महाअभियान केवल जल संरक्षण तक सीमित नहीं है बल्कि यह जनभागीदारी आधारित व्यापक जनजागरूकता अभियान भी है। ग्राम पंचायत घोघर में स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से 3 हजार वाटर एब्जॉर्प्शन टैंकों का निर्माण सफलतापूर्वक किया गया है। जिससे जल संरक्षण के प्रति लोगों में जिम्मेदारी और सहभागिता की भावना विकसित हुई है। यह पहल आने वाले वर्षों में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने, भू-जल स्तर को सुदृढ़ बनाने, कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही यह अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी जल संरक्षण का एक प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय मॉडल बनकर उभर रही है।

# अवैध अतिक्रमण हटाकर वन विभाग ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सन्ना वन परिक्षेत्र में वन भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाकर पौध रोपण किया गया। वन एवं वन्य जीव संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए जशपुर वन मण्डल द्वारा वनभूमि पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

- बेजा कब्जा के विरुद्ध की जा रही लगातार प्रभावी कार्रवाई

इसी क्रम में विगत 23 जुलाई को वन परिक्षेत्र सन्ना अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर अवैध अतिक्रमण हटाकर वन भूमि को पुनः वन विभाग के आधिपत्य में लिया गया तथा मुक्त कराई गई भूमि पर तत्काल पौधरोपण किया गया। ग्राम सुलेसा में 0.669 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त वन परिक्षेत्र सन्ना के ग्राम सुलेसा स्थित कक्ष क्रमांक पी-107 में लगभग 0.669 हेक्टेयर वनभूमि पर अनिल राजवाड़े द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था। सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को हटाकर संपूर्ण वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। वनभूमि को पुनः हरित स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से मुक्त कराई गई भूमि पर उसी दिन पौधे रोपे गए। वहीं वन परिक्षेत्र सन्ना के ग्राम चुंदापाठ स्थित कक्ष क्रमांक पी.एफ. 109 में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सूर्यनारायण यादव, पिता जानकी यादव, जाति अहीर निवासी चुंदापाठ द्वारा वनभूमि पर अवैध रूप से छपरी का निर्माण कर उसमें मवेशी रखे जा रहे थे। वन विभाग की टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उक्त अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त किया गया तथा संबंधित व्यक्ति को वनभूमि से बेदखल कर शासकीय वनभूमि को पुनः अतिक्रमण मुक्त कराया गया।



#### वनभूमि संरक्षण के लिए निरंतर अभियान

जशपुर वनमण्डल द्वारा वनभूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण, निर्माण अथवा कब्जे के विरुद्ध लगातार निगरानी रखी जा रही है। वन विभाग का उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना ही नहीं, बल्कि मुक्त कराई गई भूमि पर पौध रोपण एवं प्राकृतिक पुनर्जीवन के माध्यम से वनों का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करना भी है। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि शासकीय वनभूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा निर्माण न करें। यदि कहीं भी वनभूमि पर अतिक्रमण अथवा वन अपराध की जानकारी प्राप्त होती है, तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम वन कार्यालय को दें, ताकि समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सके। जशपुर वनमण्डल द्वारा भविष्य में भी वन संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी अभियान निरंतर जारी रखा जाएगा।

## विपक्ष का भारत विरोधी एजेंडा बेनकाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भरत सिंह ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई ऐतिहासिक घोषणा तथा अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस सहित 'इण्डी गठबंधन' के घटक दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पूरी तरह पोल खोल दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है। उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए गए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजा, कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कठोर प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार करवाया जा रहा है। सरकार की इस त्वरित संवेदनशीलता और पारदर्शी नीयत के बाद केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में सोनम वांगचुक ने भी सरकार के सकारात्मक रुख पर भरोसा जताते हुए अपना अनशन समाप्त कर दिया।



- भाजपा जिलाध्यक्ष का विपक्ष पर तीखा हमला
- कहा-पीएम मोदी का कदम निर्णायक

#### युवाओं के हित में खड़ी है मोदी सरकार

भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह पूरी घटना यह दर्शाती है कि मोदी सरकार देश के छात्रों और युवाओं के हित में चट्टान की तरह खड़ी है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और उनके सहयोगियों का एकमात्र एजेंडा छात्रों के कंधे पर बंदूक रखकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना और देश में असंतोष की आग भड़काना था। उन्होंने कहा कि विपक्ष को कभी भी छात्रों के भविष्य या न्याय से कोई लेना-देना नहीं था। वे केवल देश में अराजकता का माहौल बनाना चाहते थे। जब सरकार ने समस्या की जड़ से समाधान के लिए कड़ा कानून बनाने की दिशा में काम किया, तो इण्डी गठबंधन का चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया। उन्होंने कहा कि देश के युवा समझदार हैं और वे देख सकते हैं कि कौन उनके भविष्य के लिए काम कर रहा है और कौन उनके नाम पर राजनीति कर रहा है? भाजपा सरकार देश के हर होनहार छात्र के हक की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## नीट धांधली : कुनकुरी के छात्र युवा कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान




**जशपुरनगर।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में धांधली और पेपर लीक के आरोपों को लेकर कुनकुरी में भी सियासी और छात्र आक्रोश भड़क उठा है। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जयंत लकड़ा की अगुवाई में शनिवार को शहर के मुख्य चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

- मुख्य चौराहे पर किया जोरदार प्रदर्शन

इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों की तादाद में छात्र-छात्राओं और प्रतियोगी परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जयंत लकड़ा ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर सीधा हमला बोला और कहा कि देश का युवा सालों-साल कोचिंग और कमरों में बंद होकर तैयारी करता है, लेकिन पेपर लीक और धांधली के कारण होनहार बच्चों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। यह महज एक परीक्षा में गड़बड़ी का मामला नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के सपनों के साथ हुआ धोखा है। जब तक केंद्रीय

#### बैनर पर साइन कर दर्ज कराया विरोध

हस्ताक्षर अभियान के दौरान कुनकुरी के स्थानीय कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों के छात्रों की भारी भीड़ उमड़ी एवं बैनर पर साइन कर विरोध दर्ज कराया। परीक्षार्थियों ने कहा कि बार-बार हो रही धांधली से उनका परीक्षा प्रणाली से भरोसा उठ रहा है।

#### राष्ट्रपति को भेजा जाएगा ज्ञापन

युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत जुटाए गए सैकड़ों हस्ताक्षरों के साथ एक ज्ञापन राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम सौंपा जाएगा।

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**कांसाबेल।** छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकारण की उपाध्यक्ष गोमती साय से मुलाकात कर आंगनबाड़ी सहायिकाओं की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

- पदोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर उठाई आवाज

संघ ने विधायक से आग्रह किया कि उनकी मांगों को राज्य सरकार तक पहुंचाकर शीघ्र निराकरण कराया जाए। संघ की ओर से बताया गया कि प्रदेश भर की हजारों आंगनबाड़ी सहायिकाएं वर्षों से सेवा दे रही हैं, लेकिन उन्हें पदोन्नति और सेवा संबंधी सुविधाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उनकी प्रमुख मांगों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर सहायिकाओं को शत-प्रतिशत पदोन्नति का अवसर देने, पदोन्नति के लिए निर्धारित आयु सीमा को समाप्त करने संबंधी मांगे शामिल है, ताकि लंबे समय से सेवाएं दे रही सहायिकाओं को न्याय मिल सके। विधायक श्रीमती साय ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुन कर आश्वस्त किया कि ⏭ शेष पेज 4 पर

### डॉ बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारपूर्ण कार्य करने वाले कृषकों को 'डॉ खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इच्छुक एवं पात्र कृषक निर्धारित आवेदन पत्र भरकर उप संचालक कृषि कार्यालय जशपुर अथवा अपने संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में कृषि विभाग से प्राप्त किया जा सकता है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा एवं उप संचालक कृषि जशपुर ने जिले के पात्र कृषकों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।


MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में पेट सम्बंधित सभी समस्याओं का अत्याधुनिक इलाज।

एक्सीलेंट गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी सर्विसेस:
- गैस, एसिडिटी, अपच एवं खट्टी डकार
- छाती में जलन
- पेट दर्द एवं सूजन
- कब्ज, दस्त एवं दस्त में खून
- उल्टी, हिचकी एवं खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी एवं आहार नली की समस्याएँ
- कभी भी निगली गई वस्तु (Foreign Body) का उपचार
- फैटी लिवर, हेपेटाइटिस (B/C), पीलिया एवं लिवर सिरोसिस
- अल्सर एवं GERD (Acidity/Reflux)
- IBS (इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम)
- पेट की टी.बी. एवं पेट में पानी
- अग्न्याशय (Pancreas) के रोगों का उपचार
- पेट, आंत एवं लिवर के रोगों का विशेषज्ञ उपचार
- एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की सुविधा
- दूरबीन द्वारा पेट एवं आँत की आधुनिक जाँच





DR. MANISH KUMAR NAYAK
MBBS, MD, DRNB,
CONSULTANT GASTROENTEROLOGIST & HEPATOLOGIST

विशेषताएँ:
✔ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✔ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✔ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✔ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS


विद्यार्थियों ने वक्तृत्व कला का दिखाया दम, सेंट जोसफ स्कूल का आयोजन

# अंतर सदन भाषण स्पर्धा में ग्रीन हाउस ओवर ऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल कांसाबेल में शनिवार को अंतर सदन भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें समग्र प्रदर्शन के आधार पर ग्रीन हाउस ओवर ऑल चैंपियन घोषित हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य फादर एडमोन बड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्रीन, ब्लू, यलो एवं रेड हाउस के विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न समसामयिक एवं प्रेरणादायक विषयों पर भाषण दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रभावी वक्तृत्व कला, तार्किक चिंतन, संप्रेषण कौशल तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। कक्षा 1 ली से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को उनकी आयु एवं स्तर के अनुरूप विषय दिए गए। नन्हें विद्यार्थियों ने अच्छे संस्कार और स्वच्छता पर अपने विचार रखे, जबकि वरिष्ठ विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा में प्रौद्योगिकी, अंग्रेजी भाषा का महत्व तथा विद्यालय जीवन में अनुशासन जैसे विषयों पर प्रभावशाली वक्तव्य देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु, भाषा की शुद्धता, उच्चारण, अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास, समय-प्रबंधन एवं मंच संचालन क्षमता के आधार पर किया। विद्यालय परिवार ने प्रतियोगिता की सफलता पर सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त किया।



#### ये रहे विजेता

प्रतियोगिता के परिणामों में कक्षा 1 से 3 वर्ग में ग्रीन हाउस प्रथम रहा। कक्षा 4–5 एवं 6–8 वर्ग में ब्लू हाउस ने पहला स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9-10 में ग्रीन हाउस ने बाजी मारी। वहीं कक्षा 11–12 में यलो हाउस प्रथम स्थान पर रहा। सभी वर्गों के अंकों के आधार पर घोषित समग्र परिणाम में ग्रीन हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय, यलो हाउस तृतीय तथा रेड हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा।

#### नेतृत्व कौशल को निखारने का प्रभावी माध्यम : बड़ा

कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य फादर श्री बड़ा ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेता सदनों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और नेतृत्व कौशल को निखारने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।


Paper Jab Tough Hoga
SELECTION KA NUMBER और जबरदस्त HOGA
OUR TOPPERS → NEET (UG) 2026
ANSHIKA AGRAWAL 563/720 GENERAL RANK 10177
ADITYA SINGH RAJPOOT 563/720 GENERAL RANK 10098
TAASHU TAANK 564/720 GENERAL RANK 9895
SHUVAM SUBASISH 590/720 GENERAL RANK 5452
BHAVYA MISHRA 606/720 GENERAL RANK 3474
RAGHAV SINGH CHANDEL 632/720 GENERAL RANK 1600
AKSHAT TIWARI 592/720 EWS RANK 1463
UTKARSH VAISHNAV 576/720 Cat. RANK 9589
15030 SHIVENDRA KUMAR 558/720
20194 SUJAL PATEL 545/720
1188 ANKIT TANDON 544/720
16519 ARSH SHARMA 538/720
24403 VISHWAJEET SHRIVAS 536/720
1514 ARMAN OGREY 535/720
1718 DIPALI LAHARE 530/720
27467 SAHIL KUMAR KASHYAP 530/720
28494 DHEERAJ KASHYAP 528/720
32236 LAKESHWAR SAO 521/720
32975 VIKASH RATHORE 519/720
23080 MANSI CHANDWANI 517/720
23912 SONAL KUMAR 515/720
24340 SEJAL THAWRANI 514/720
36271 MUSKAN CHOUKSEY 514/720
35806 PADMANABH SAHU 514/720
36517 VISHNU NISHAD 513/720
37748 KANHA SAHU 511/720
25313 PRINCE SINGH 511/720
39042 SHRADDHA SONI 509/720
1040 AARCHI RAHI 493/720
34108 KRISHNA PURWANI 489/720
52620 PRAGATI CHANDRAKAR 488/720
34192 SUBHIKCHA AGRAWAL 488/720
4769 RENUKA BARMA 488/720
14348 ADITYA SINGH 482/720
36772 ANUSHKA PRASHANT BARPANDE 482/720
62076 HARSH 475/720
63420 SWATI PATEL
6626 ADARSH CHOUDHARY
63493 AARTI SAHU
7071 AYUSH SINGH
JANHVI
2147 AMAN AGARIYA
5083 MAKHAN SINGH KHADIYA
7041 VAISHNAVI
7124 ARYAN MARKAM
9613 NISCHAL MERSA
9700 TULSI RATHIA
9852 SULENDRA PAIKRA
12092 GIRIJA RATHIA
13288 PRERNA EKKA
13715 KAMESHWAR MARAVI
14110 KOMAL PAIKRA
14141 HARSHITA MAHLA
16003 VAIBHAV RAO
16183 MANASI
16219 POONAM DHURWE
16476 PANKAJ KUMAR SARWAY
18916 SMRITI KACHCHHAP
19791 ANURAG DINKAR
20348 PRAVEEN GHRITLAHARE
21995 KHWAYESH GHRITLAHARE
23623 PAYAL TOPPO
24164 AVINASH BHAGAT
24284 HIMANSHU DINKER
24423 POISHA BANJARE
26542 ANUSHKA DHANSON
33809 ANNPOORNA GHRITLAHARE
42420 HARSH DAHARIYA
52992 DAMINI BANJARE
55343 RIMI
59145 ANKIT NIRALA
62294 CHITRESH BANJARE
67035 LUCKY MEHRA
72479 PANKAJ KUMAR JANGDE
75495 VIDHI MANHAR
80674 POOJA
& MANY MORE....
120+ ACHARIANS ARE GOING TO BECOME DOCTORS!
*Calculated as per previous cut-off in all categories & Streams*
DROPPER'S 2026-27
NEW BATCH
29th JULY
ADMISSION OPEN
Special ACHIEVERS BATCH
MINIMUM FEES FOR 400+ SCORING STUDENT
For More Details Contact: 7225007662
Batch Starting 6th AUGUST 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
9109492226
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTAGRAM
ADMISSION START
FOR ADMISSION

## खबर संक्षेप

### प्रशासनिक फेरबदल, प्रतीक जायसवाल राजपुर के नए तहसीलदार

**राजपुर।** जिले में राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं भू-अभिलेख अधीक्षकों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार राजपुर की तहसीलदार श्रीमती कावेरी मुखर्जी को अतिरिक्त तहसीलदार बलरामपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि जिला कार्यालय में पदस्थ तहसीलदार प्रतीक जायसवाल को राजपुर का नया तहसीलदार बनाया गया है। इसके अलावा गुरुदत्त पंचभाये को वाड्रफनगर से बलरामपुर, अश्विनी चन्द्रा को रामचंद्रपुर से वाड्रफनगर तथा श्रीमती ऋतुराज सिंह को रामचंद्रपुर तहसीलदार के रूप में पदस्थ किया गया है। इसी तरह अतिरिक्त तहसीलदार बलरामपुर जितेन्द्र कुमार डहरे को वाड्रफनगर भेजा गया है। नायब तहसीलदार स्तर पर उदयराज सिंह को रघुनाथनगर का प्रभारी तहसीलदार, निशांत सिंह को रामानुजगंज तथा अनुग्रह केरकेट्टा को कुसमी में पदस्थ किया गया है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शीघ्र नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

### विवि परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपे गए 250 पौधे



**अम्बिकापुर।** पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा विवि परिसर को हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से एसजीजीयू के फार्म फॉरेस्ट्री विभाग द्वारा शुक्रवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण एवं बीज आधारित हरित फेसिंग विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत प्रशिक्षु वनमण्डलाधिकारी श्वेता कंबोज, कुलपति डॉ.राजेन्द्र लकपाले, कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी सहित विवि के प्राध्यापकों, मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ वन विभाग के प्रशिक्षण अधिकारी एवं विद्यार्थियों ने 250 पौधों का रोपण किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में वन अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर की खुली सीमा पर बीज आधारित हरित फेंसिंग विकसित करने की वैज्ञानिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। विशेषज्ञों ने बीज चयन, भूमि की तैयारी, बुवाई की उपयुक्त गहराई, दूरी नमी संरक्षण अंकुरण तथा पौधों की प्रारंभिक देखभाल से संबंधित जानकारियां साझा की। कार्यशाला पश्चात विवि परिसर की खुली बाउंड्री पर तीन दिवसीय बीजारोपण अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान अंतर्गत खुली बाउंड्री की जगह बीजों के माध्यम से प्राकृतिक एवं स्थायी हरित फेंसिंग विकसित की जाएगी। विभागाध्यक्ष डॉ.कौशल सिंह ने आभार व्यक्त किया।

### बीएलबीसी की बैठक, बैंक लिंकेज व समूहों एवं व्यक्तिगत ऋण वितरण बढ़ाने पर जोर



**राजपुर।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग सेवाओं से अधिक से अधिक जोड़ने, बैंक लिंकेज के लंबित प्रकरणों के शीघ्र स्वीकृति एवं ऋण वितरण, उद्यम आधारित प्रकरणों को बढ़ावा देने तथा बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों को कम करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों से लंबित बैंक लिंकेज प्रकरणों का त्वरित निराकरण करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्वयं सहायता समूहों के अधिक से अधिक बैंक खाते खोलने तथा जिन समूहों ने अब तक स्वीकृत ऋण राशि का आहरण नहीं किया है।

## 1 अगस्त से प्रारंभ होगी योजना

# अब अग्रिम भुगतान के बाद ही शासकीय कार्यालयों में उपलब्ध होगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




**खास बात**

- प्रथम चरण में जिला एवं विकासखण्ड के कार्यालयों में की जाएगी लागू

बिजली बिल भुगतान के लिए आवंटन का रोना रोने वाले शासकीय विभाग के अधिकारियों को आगामी माह से विद्युत उपयोग के लिए अग्रिम राशि का भुगतान करना पड़ेगा। भुगतान की गई राशि खत्म होते ही कार्यालय की बिजली स्वमेव बंद हो जाएगी। विद्युत विभाग ने योजना के प्रथम चरण में जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में यह व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है।

हर साल वित्तीय वर्ष के अंत में विद्युत मांग, खपत एवं विद्युत बिल राशि की समीक्षा करता है। वित्तीय वर्ष के अंतिम दौर में राजस्व वसूली का दबाव बढ़ने पर विभाग निजी क्षेत्र एवं औद्योगिक इकाई पर सख्ती कर बकाया राजस्व की वसूली करता है साथ ही जरूरत पड़ने पर घरों एवं संस्थानों की बिजली भी काटती है। विभाग का दबाव बढ़ने एवं घर व उद्योगों के संचालन में परेशानी होने पर लोग बकाया राशि का भुगतान करने मजबूर हो जाते है। दूसरी तरफ अधिकांश शासकीय विभाग समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं करते तथा अंत में बिजली बिल की बड़ी राशि का भुगतान करने के लिए बजट उपलब्ध नहीं होने का रोना रोते है। शासकीय विभागों द्वारा समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं करने के कारण विभाग का करोड़ों रूपए का राजस्व अटक जाता है। लम्बे समय से चली आ रही इस समस्या के निराकरण के लिए विभाग पिछले कुछ सालों से सख्ती की कर रहा है। शासकीय विभागों को बिजली बिल भुगतान के लिए नोटिस जारी करने के साथ ही विभाग वित्तीय वर्ष के अंत में कुछ कार्यालयों की बिजली भी काट रहा है इसके बावजूद शासकीय विभाग समय पर बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए विद्युत विभाग ने अब सभी शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने एवं अग्रिम भुगतान के बाद ही बिजली उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। आगामी अगस्त माह से शासकीय विभागों को मोबाइल रिचार्ज कराने की तर्ज पर बिजली के लिए अग्रिम राशि भुगतान करना पड़ेगा। रशि खत्म होते ही कार्यालय की बिजली बंद हो जाएगी तथा पुनः अग्रिम भुगतान करने के बाद ही कार्यालय रोशन होगा। इसके लिए विभाग ने रायपुर में स्वचलित प्रणाली विकसित की है।

### सरगुजा में 5000 शासकीय कार्यालय

सरगुजा में जिला व विकासखण्ड मुख्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 5000 शासकीय कार्यालय है। गांव-गांव में शासकीय स्कूल, पटवारी व राजस्व निरीक्षक तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित अन्य विभागों के कार्यालय हैं जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में 900 शासकीय कार्यालय है। विभाग ने योजना के प्रथम चरण में अगस्त 2026 से जिला एवं विकासखण्ड के शासकीय कार्यालयों में अग्रिम भुगतान के बाद ही बिजली उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। विभाग के निर्णय के अनुसार शासकीय विभागों में 1 अगस्त से अग्रिम भुगतान के बाद ही बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग ने इसके लिए सभी शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाया है। ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### शासकीय विभागों पर 25 करोड़ बकाया

सरगुजा के शासकीय विभागों पर बिजली बिल का 25 करोड़ राजस्व बकाया है। जिला मुख्यालय में संचालित शासकीय कार्यालयों ने बिजली बिल का 10 करोड़ रूपए जबकि ग्रामीण क्षेत्र के कार्यालयों ने 15 करोड़ का बकाया राजस्व रोक रखा है। विभाग ने अगस्त से बकाएदार विभागों से समान किस्तों में बकाया राशि वसूलने एवं 1 अगस्त से अग्रिम भुगतान के बाद बिजली उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

### शंका होने पर लैब में होगी जांच

विद्युत अधिकारियों के अनुसार अधिक बिजली बिल आने की शंका होने पर उपभोक्ता बिलासपुर स्थित लैब में अपने मीटर की जांच करा सकेंगे। इस तरह की अफवाह के निराकरण के लिए विभाग भी कुछ घरों में स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगा रहा है ताकि उपभोक्ता स्वयं अपनी विद्युत खपत की समीक्षा कर सके। कोई भी उपभोक्ता विभाग से संपर्क कर अपने घर में चेक मीटर लगवा सकता है। कुछ दिनों पूर्व सरगुजा के 50 से अधिक उपभोक्ताओं ने लैब में अपने मीटर की जांच कराई थी जिसमें कोई अंतर नहीं मिला है। विभाग के मोर बिजली एप के माध्यम से उपभोक्ता अपने घर की प्रति घंटे एवं एक दिन की विद्युत खपत की जानकारी ले सकता है तथा विद्युत के व्यर्थ उपयोग को बंद कर खपत में कमी ला सकता है।

### हर महीने होगी खपत की समीक्षा

विद्युत विभाग अब नियमित ट्रांसफार्मर एवं ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं की समीक्षा करेगा। इसके लिए विभाग ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लगा रहा है। सरगुजा में 5500 विद्युत ट्रांसफार्मर है जिसमें 2500 में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बरसात के कारण ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लगाने की रफ्तार धीमी पड़ गई है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद विभाग विद्युत चोरी एवं लाइन लॉस का पता आसानी से लगा सकेगा। नियमानुसार 8 फीसदी से अधिक लाइन लॉस नहीं होना चाहिए लेकिन वर्तमान में 16 फीसदी लाइन लॉस हो रहा है। गर्मी के मौसम में लाइन लॉस काफी बढ़ जाता है।

### व्यवस्था 1 अगस्त से

शासकीय कार्यालयों में अग्रिम भुगतान के बाद बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके लिए सभी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाए गए है। उपभोक्ता अधिक बिल आने की शंका होने पर लैब में मीटर की जांच करा सकेंगे।

-रोशन नागवंशी
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग



## कांग्रेसियों ने धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय पैकरा के नेतृत्व में बस स्टैंड में शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं, छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं सांसद प्रियंका गांधी के साथ कथित दुर्व्यवहार के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, छात्रों के हितों की रक्षा तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की गई। साथ ही विपक्षी नेताओं एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के विरुद्ध दर्ज मामलों को वापस लेने की भी मांग की गई। इस दौरान विवेक सिंह देव, सीमू अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, उम्मत रसूल, गोलक सरदार, राजू तिर्की, रामशरण यादव, आकाश अग्रवाल, अज्जू गुप्ता, रामसुंदर सिंह, लेदू लकड़ा, छोटेलाल सिंह, हृदयानंद यादव, सरवर आलम,ओसपाल यादव, रीकेश यादव, वंदना मिंज, मरियम तिर्की, विद्या बेक, मानती, सुनील पैकरा, लक्ष्मण, लवप्रकाश गुप्ता, लहरू राम, ईलन, राजकुमार यादव,मिथलेश ,लरंगसाय, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट परीक्षा में कथित अनियमितता एवं पेपर लीक समेत शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन पर दिल्ली पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के विरुद्ध कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व विधायक अमरजीत भगत के निवास से कांग्रेसियों ने ब्लॉक अध्यक्ष तिलक बेहरा के नेतृत्व में रैली निकाली जो मुख्य मार्ग से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची और राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा ने बताया कि जंतर मंतर एवं प्रधानमंत्री आवास के बाहर दिल्ली पुलिस द्वारा की गई दमनकारी नीति का कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री आवास के बाहर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सांसद प्रियंका गांधी मल्लिकार्जुन खड़गे एवं अन्य नेताओं के साथ दिल्ली पुलिस ने अमानवीय व्यवहार किया वो निंदनीय है। साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष ने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग समेत संसद में नीट परीक्षा की अनियमितताओं पर चर्चा एवं प्रदर्शकारी छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की है। इस दौरान सुनील मिश्रा, बदरुद्दीन इराकी, बिगन राम, अरुण गुप्ता, नरेश फौजी, विकास गुप्ता, अजित बघेल, संतोष गुप्ता, विजय गुप्ता, टुंपाराम, नागेश्वर प्रसाद, सुखदेव भगत, अर्जुन चौहान, दिलेश तिग्गा, विशाल तिर्की, मनोज टोप्पो, मुकेश तिर्की एवं अन्य उपस्थित थे।



## शासकीय राशि के गबन के प्रकरण में दो पूर्व सरपंचों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी

**अम्बिकापुर।** निर्माण के लिए राशि आहरित करने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं कराने के मामले में प्रशासन ने सख्ती बरती है। एसडीएम अंबिकापुर ने ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त शासकीय राशि के दुरुपयोग एवं शासकीय राशि जमा नहीं करने के प्रकरण में दो पूर्व सरपंचों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत लब्जी के तत्कालीन सरपंच जोगेन्द्र लाल भगत द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त 8 लाख 29 हजार रूपए की राशि का अनाधिकृत रूप से आहरण कर लिया गया, जबकि निर्माण कार्य नहीं कराया गया। न्यायालय के अनुसार उक्त राशि को स्वयं रखकर शासकीय राशि का दुरुपयोग एवं गबन किया गया। प्रकरण विचाराधीन होने तथा कई अवसर दिए जाने के बावजूद संबंधित द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गई। इस पर न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए संबंधित को गिरफ्तार कर 24 जुलाई को न्यायालय में प्रस्तुत करने तथा न्यायालय के अगले आदेश तक अभिरक्षा में रखने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत थोर के तत्कालीन सरपंच परमोहन सिंह के विरुद्ध भी निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त 90 हजार 296 रूपए की राशि के दुरुपयोग एवं गबन के मामले में न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि संबंधित द्वारा शासकीय राशि का समायोजन अथवा वापसी नहीं की गई, जिसके कारण प्रकरण न्यायालय में लंबित है। न्यायालय ने संबंधित को गिरफ्तार कर 24 जुलाई को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने दोनों मामलों में स्पष्ट किया है कि शासकीय राशि के दुरुपयोग एवं गबन से जुड़े प्रकरणों में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा संबंधित थाना प्रभारियों को गिरफ्तारी वारंट का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बच्चों को डायरिया से सुरक्षित रखने 31 तक

**बलरामपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान-2026 संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित रखना, समय पर उपचार उपलब्ध कराना तथा स्वच्छता एवं सुरक्षित पेयजल के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। स्वच्छ जल, समुचित उपचार, डायरिया से बचें हर बार के उद्देश्य के साथ अभियान के अंतर्गत डायरिया की रोकथाम, बचाव एवं उपचार के लिए सुरक्षा, रोकथाम और ईलाज की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है।

## फीस कम नहीं हुई तो आंदोलनः अभाविप

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में हाल ही में की गई फीस वृद्धि को वापस लेने एवं उसे कम करने की मांग को लेकर कुलसचिव महोदय को ज्ञापन सौंपा।विश्वविद्यालय द्वारा 27 मई 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं मदों की फीस में वृद्धि की गई है। छात्र कल्याण शुल्क, माइग्रेशन फीस सहित विश्वविद्यालय की अनेक फीस में बिना किसी स्पष्ट औचित्य के अत्यधिक बढ़ोतरी की गई है। परिषद का कहना है कि सरगुजा संभाग के अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से साधारण परिवारों से आते हैं, ऐसे में फीस में की गई यह वृद्धि उनके लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना कठिन बना सकती है। अभाविप सरगुजा के विभाग संयोजक पलाश पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय में समय-समय पर कई समस्याएं सामने आती रही हैं, किन्तु फीस में की गई अनावश्यक एवं अत्यधिक वृद्धि गंभीर विषय है। फीस को दोगुना एवं तीन गुना तक बढ़ा देना हजारों विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ डालने जैसा है। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी मनमानी बंद नहीं की और फीस वृद्धि पर पुनर्विचार नहीं किया, तो विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के हित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। सरगुजा जिला संयोजक सत्येंद्र मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालकर नहीं कर सकता। इस विषय पर राज्य सरकार को गंभीरता से विश्वविद्यालय में मद उपलब्ध करते हुए विद्यार्थियों के हित में आवश्यक विचार करना चाहिए।



## सामान्य सभा में विधायक रामकुमार ने लापरवाह अधिकारियों को लगाई फटकार




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- गुणवत्ता और पारदर्शिता पर दिया जोर

जिला सामान्य सभा की बैठक में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने विभिन्न विभागों के कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में विधायक श्री टोप्पो ने महिला एवं बाल विकास विभाग में भर्ती प्रक्रिया को लेकर एकरूपता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्धारित मानदंडों के अनुरूप संचालित हो, ताकि सभी पात्र अभ्यर्थियों को समान अवसर मिल सके। खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान विधायक श्री टोप्पो ने अधिकारियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो, ताकि हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। उन्होंने मत्स्य विभाग से जिले में विगत वर्षों एवं वर्तमान में मछली पालन के लिए जारी किए गए टेंडरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। विधायक श्री टोप्पो ने सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत वितरित साइकिलों की गुणवत्ता एवं कसावट को लेकर प्राप्त शिकायतों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधायक श्री टोप्पो ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता करने पर संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी स्वयं विभागीय अधिकारी एवं इंजीनियर करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता संबंधी शिकायतें दोबारा मिलने पर संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया अपनाई जाए।

### पश्चिम बंगाल विस चुनाव में भाजपा की जीत पर विधायक रामकुमार टोप्पो की सराहना

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की उल्लेखनीय सफलता के उपरांत प्रदेश नेतृत्व ने संगठन के विभिन्न राज्यों से जुड़े उन कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है, उन्होंने चुनाव के दौरान संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य एवं मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा सीतापुर के विधायक एवं पूर्व सैनिक रामकुमार टोप्पो को एक प्रशंसा-पत्र भेजकर उनके समर्पित योगदान और अथक परिश्रम के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि रामकुमार टोप्पो ने पश्चिम बंगाल के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में लंबे समय तक प्रवास कर भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कठिन परिस्थितियों एवं भीषण गर्मी के बावजूद उन्होंने निरंतर जनसंपर्क कर पार्टी के पक्ष में सकारात्मक वातावरण तैयार करने का कार्य किया। प्रदेश नेतृत्व ने अपने संदेश में कहा है कि चुनावी अभियान के दौरान श्री टोप्पो के प्रयास केवल संगठनात्मक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पार्टी की जीत की मजबूत नींव सिद्ध हुए हैं। उनके समर्पण, अनुशासन और कार्यशैली की विशेष प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी संगठन को इसी प्रकार सशक्त बनाने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

## बलरामपुर में एक माह में बने 54 हजार से अधिक सोख्ता गड्ढे

**वाड्रफनगर।** जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए जिला प्रशासन ने वर्षा जल के संरक्षण और भूजल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से महज एक महीने में 54 हजार से अधिक सोख्ता गड्ढो का निर्माण कराया है। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ चलाए गए इस अभियान में जनप्रतिनिधियों पंचायत पदाधिकारियों, स्व-सहायता समूहों, ग्रामीणों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, रोजगार सहायकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी द्वारा जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए सभी ग्राम पंचायतों को समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप अल्प समय में बड़ी संख्या में सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया। जिपं सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भविष्य में उत्पन्न होने वाले जल संकट का समाधान करना है।

## महाविद्यालय की 10 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण का खतरा जनभागीदारी समिति ने जिपं सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़



अरुण प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति ने महाविद्यालय की भूमि की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर के नाम जिपं सीईओ को ज्ञापन सौंपा। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अमिन साय, सदस्य अमिताभ सिंहदेव तथा जनपद उपाध्यक्ष प्रियंवदा सिंहदेव ने जिला सीईओ को आवेदन देकर महाविद्यालय परिसर की शीघ्र घेराव कराए जाने की मांग की।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी को सौंपे ज्ञापन में समिति ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय शंकरगढ़ की लगभग 10 एकड़ भूमि आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के नाम दर्ज है। भूमि का सीमांकन कर बोर्ड लगाने एवं ट्रेंच मार्किंग का कार्य पूर्व में किया जा चुका है, लेकिन अब तक तारबंदी नहीं होने के कारण भूमि पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। ऐसे में खुले परिसर का फायदा उठाकर भू-माफिया भूमि पर अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं असामाजिक तत्वों का भी परिसर में लगातार आना-जाना बना रहता है जिससे महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है तथा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। समिति ने यह भी बताया कि महाविद्यालय परिसर में किए गए पौधारोपण को मवेशियों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। यदि समय रहते भूमि की सुरक्षा के लिए तारबंदी नहीं कराई गई तो भविष्य में महाविद्यालय की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की आशंका और बढ़ सकती है। जनभागीदारी समिति ने जिला प्रशासन से मांग की है कि महाविद्यालय परिसर की शीघ्र तारबंदी कर भूमि को सुरक्षित किया जाए, ताकि अतिक्रमण पर रोक लग सके, छात्र-छात्राओं को सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिल सके तथा महाविद्यालय के भविष्य के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। प्रवास पर गए जिपं सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।










**खबर संक्षेप**

## खेतों के बोर पंप से लगातार हो रही चोरी

**पुसौर।** किसानों के खेतों में नलकुपों से आए दिन केबल तार, स्टार्टर आदि चोरी होने का मामला सामने आते रहा है। जिसमें कई किसान तो प्रशसनिक परेशानी के कारण रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते हैं वहीं कुछ किसान जागरूकता और इस तरह की परेशानी की पुनरावृत्ति न हो इस आशय से रिपोर्ट दर्ज कराते रहे हैं। पुसौर तहसील व जुटमिल थाना रायगढ़ क्षेत्र के ग्राम नेतनागर में इस तरह की चोरी हुई जिसे किसान नेता लल्लूसिंह अपने किसान साथियों के साथ जूटमिल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नेतनगर निवासी बीजराम गुप्ता पिता बीरबलराम गुप्ता 45 साल के खेत में लगे तार का केवल गायब है। प्रार्थी ने बताया कि 22 जुलाई को सुबह खेत की देखरेख के लिए गए तो पता चला कि बचे हुए तार का केवल भी चोरी हो गया है। इस तरह चोरों ने दो दिन में 2 हजार से अधिक कीमत की तार चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर जूटमिल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## सप्ताहभर में बना विवाह प्रमाणपत्र

**रायगढ़।** पुसौर तहसील के गोर्रा निवासी योगेंद्र निराला का सेवा सेतु के माध्यम से सप्ताह भर के भीतर विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया। गत दिवस उन्होंने निकटतम लोक सेवा केंद्र सेवा सेतु के माध्यम से विवाह प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था। आवेदन की प्रक्रिया बेहद सरल रही और ऑनलाइन एकीकृत व्यवस्था के कारण उनका आवेदन शीघ्र संबंधित अधिकारियों तक पहुंच गया और निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें महज 7 से 10 दिनों के भीतर विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया। योगेंद्र निराला का कहना है कि सेवा सेतु के माध्यम से अब सरकारी सेवाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान और पारदर्शी हो गई हैं।

## भटगांव पुलिस ने किया 3 शराब कोचिया गिरफ्तार

**सारंगढ़।** थाना प्रभारी शिवकुमार धारी ने छापेमारी कर अवैध महुआ शराब हाथ भठ्ठी बिक्री करने वाले को पकड़ा है। आरोपी हरि बंजारे पिता रामनाथ बंजारे 39 निवासी भटगांव वार्ड 9 थाना भटगांव के कब्जे से 7 लीटर शराब, आरोपी ईश्वर कुर्रे पिता घसीया कुर्रे 50 जुनवानी के कब्जे से साढ़े 6 लीटर, लक्ष्मण गोड पिता देव सिंह 20 सबरिया डेरा सलोनीकला से 9 लीटर शराब जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## 30 जुलाई तक अनिवार्य रुप से कराएं ई केवाईसी

**रायगढ़।** श्रम विभाग ने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों से अपने श्रमिक कार्ड की जानकारी का सत्यापन एवं ई केवाईसी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने की अपील की है। ई.केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। समय पर ई.केवाईसी एवं जानकारी अपडेट नहीं कराने वाले श्रमिक भविष्य में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

### सावन से पहले श्रद्धालुओं की बढ़ी चिंता

# सतीघाट-शिवधाम पहुंच मार्ग बदहाल, रूका वाहनों का प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा के प्रमुख आस्था केंद्र सतीघाट शिवधाम जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। स्थानीय प्रशासन, जल संसाधन विभाग और ठेकेदारों की उदासीनता के चलते आस्था का यह महत्वपूर्ण मार्ग पिछले एक साल से कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुका है, जिससे वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से रुक गया है।

सावन की आहट से श्रद्धालुओं को आवागमन में दलदली सड़क से भारी परेशानी होगी। हैरत की बात यह है कि पिछले वर्ष भी सतीघाट में स्टॉप डैम निर्माण के दौरान सीसी रोड को उखाड़े जाने को लेकर मीडिया में प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की गई थीं। तब संबंधित ठेकेदार और विभाग द्वारा इसे जल्द ही दुरुस्त करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी जमीनी हकीकत जस की तस है और शासन-प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। ग्राउंड रिपोर्ट के अनुसार बरसात की शुरुआत के साथ ही इस कच्ची सड़क पर जगह-जगह घुटनों तक पानी और कीचड़ भर गया है। स्थिति इतनी भयावह है कि यहां वाहनों का चलना तो दूर, पैदल चलना भी दूभर हो गया है। महज कुछ ही दिनों में सावन का पवित्र महीना शुरू होने वाला है। सावन के महीने और विशेषकर सोमवार को यहां जिले सहित राज्य भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक करने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन वर्तमान बदहाल स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर चिंता बढ़ गई हैं।

### की जाएगी वैकल्पिक व्यवस्था

जर्जर सड़क को लेकर जानकारी मिली है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग से चर्चा कर सड़क निर्माण कराया जाएगा। वर्तमान में वैकल्पिक व्यवस्था कर श्रद्धालुओं के आवागमन की उचित वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

-टीआर.यादव
सीएमओ नगर पंचायत कोतबा

### करेंगे अधिकारी से बात

हमारे विभाग के ई साहब का पिछले दिनों वहां जाना हुआ था। इस संबंध में उनसे बात कर बता सकता हूं।

-नरेंद्र सिंहा
एसडीओ जल संसाधन विभाग पत्थलगांव।

### नगरवासियों में आक्रोश

विदित हो कि सतीघाट स्टॉप डैम के निर्माण के समय ठेकेदार द्वारा पुरानी सीसी रोड को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। एक साल का लंबा समय बीत जाने के बाद भी हालात नहीं सुधरा है, जिससे नगरवासियों में भारी आक्रोश है। धर्मनगरी कोतबा का यह मंदिर पूरे जशपुर जिले में आस्था का एक बहुत बड़ा केंद्र है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि सावन माह को ध्यान में रखते हुए जल्द इस जर्जर सड़क का सुधार कार्य करवाया जाए, ताकि भक्तों को कीचड़ भरे रास्तों से न गुजरना पड़े। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस दिशा में कितनी जल्दी कदम उठाता है या फिर इस वर्ष भी भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**पैदल चलना भी मुश्किल-** श्रद्धालु बसंत कुमार गुप्ता ने बताया कि वह प्रतिदिन सुबह-शाम बाबा के दर्शन के लिए जाता है। आज सुबह कार से जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पिछले एक साल से यह सड़क उखड़ी हुई है। कुछ ही दिनों में सावन शुरू होने वाला है। जिसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यदि सावन से पहले इस सड़क को नहीं बनाया गया, तो भक्तों को भारी परेशानी होगी। गाड़ी तो दूर, इसमें पैदल चलना भी मुश्किल है। वे चाहते हैं कि इस जर्जर सड़क का निर्माण जल्द कराया जाए ताकि बाबा के भक्तों को परेशानी न हो।



# चंद्रपुर को मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

सक्ती जिले के चंद्रपुर स्थित चन्द्रहासिनी विद्यापीठ परिसर में गुरुवार को माँ चन्द्रहासिनी आरोग्य धाम का विधिवत भूमिपूजन छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बहुउद्देशीय चिकित्सालय क्षेत्र के लोगों को आधुनिक सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। आने वाले समय में यह आरोग्य धाम जनसेवा का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर पूरे क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित करेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि श्री गोपाल महाप्रभु एवं माँ चन्द्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास वर्षों से शिक्षा सेवा और समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ट्रस्ट द्वारा संचालित सीबीएसई विद्यालय ने क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की है और अब आरोग्य धाम की स्थापना से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी एक नई शुरुआत होगी। उन्होंने ट्रस्ट के संरक्षक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल तथा सभी न्यासियों को इस जनकल्याणकारी पहल के लिए दीं। मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि माँ चन्द्रहासिनी शक्तिपीठ पूरे छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस क्षेत्र से उनका वर्षों पुराना आत्मीय संबंध रहा है और प्रशासनिक सेवा के दौरान भी उन्हें चंद्रपुर के विकास के लिए कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने आश्वस्त किया कि अस्पताल, विद्यालय अथवा ट्रस्ट से जुड़े किसी भी विकास कार्य में यदि शासन या प्रशासनिक स्तर पर कोई औपचारिक बाधा आती है तो राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

### अस्पताल निर्माण के लिए करोड़ों की सहायता

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल निर्माण के लिए समाजसेवा का भी बड़ा उदाहरण देखने को मिला। प्रहलादराय अग्रवाल एंड संस चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 1 करोड़ 1 लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की गई। वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी अस्पताल निर्माण के लिए 51 लाख रुपए की घोषणा की। इसके अलावा कई अन्य दानदाताओं ने भी आरोग्य धाम के निर्माण में आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से बंद पड़ा माँ चन्द्रहासिनी महोत्सव पुनः प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं ट्रस्ट संरक्षक गौरीशंकर अग्रवाल, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, संयोगिता सिंह जूदेव, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, ट्रस्ट के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

**धंस रहे भारी वाहन, ट्रक चालक ने बताई परेशानी**

# सड़क निर्माण में अनियमितता, बिना खुदाई के बिछाई मिट्टी

**कोतबा।** नगर से कारगिल चौक से बागबहार तक 40 करोड़ रुपए की लागत से बन रही सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सड़क निर्माण में ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग द्वारा बरती जा रही अनियमितता की पोल वाहनों के धंसने से खुलती जा रही है।

लोगों का आरोप है कि बिना उचित प्रक्रिया के सड़क पर सिर्फ मिट्टी डालकर काम की खानापूर्ति की जा रही है। इसका सीधा खामियाजा आम जनता और मालवाहक वाहनों को भुगतना पड़ रहा है। हाल ही में एक घटना सामने आई है। राजस्थान से झारसुगुड़ा (ओडिशा) की ओर चूना लेकर जा रहे ट्रक क्रमांक आरजे 14 जीटी 7164 के चालक शकरुद्दीन ने बताया कि रात करीब 10 बजे उनका भारी भरकम अंडर लोडेड ट्रक सड़क के बीचों-बीच धंस गया। सड़क के उस हिस्से में जमीन बेहद नरम थी क्योंकि वहां नियमानुसार पुरानी सड़क की खुदाई की ही नहीं गई थी। कहीं भी सड़क निर्माण के लिए डब्ल्यूबीएम पहले पुरानी सड़क को खोदकर, उसमें मिट्टी और बोल्डर डालकर सही से कंपेक्शन किया जाना चाहिए, जो कि इस सड़क में बिल्कुल नहीं हुआ है।



**ग्रामीणों की मदद से निकली गाड़ी-** ट्रक धंसने के बाद चालक को रात भर भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गाड़ी को बाहर निकालने के लिए स्थानीय ग्रामीण मजदूरों की मदद ली गई। मजदूरों की सहायता से पहले ट्रक में लदा पूरा चूना उतारा गया। उसके बाद खाली गाड़ी को गड्ढे से बाहर निकाला गया और फिर से माल लोड किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में कीचड़ और नमी के कारण चूने के कुछ कट्टे (लगभग 4-5 बोरी) भीग कर खराब हो गए। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। जिसे ग्रामीण बोरियों में भर कर ले गए।

### 40 करोड़ की लागत फिर भी जानलेवा गड्ढे

गौरतलब है कि इस सड़क की दुर्दशा पर लगातार खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। 40 करोड़ की इस परियोजना में गुणवत्ता की पूरी तरह अनदेखी की गई है। जहां एक ओर सड़क पर घुटने तक पानी भरा है और जानलेवा गड्ढे बने हुए हैं। वहीं बिना डब्ल्यूबीएम मानकों का पालन किए मिट्टी डालकर लीपापोती की जा रही है। इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये को लेकर अब स्थानीय लोगों के साथ ही राजनीतिक दलों ने भी लोक निर्माण विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

# स्व-सहायता समूह से जुड़कर महिला बनीं आत्मनिर्भर

जशपुरनगर। स्व-सहायता समूह से जुड़कर दुलदुला विकासखंड के ग्राम सिमड़ा की पूनम देवी आत्मनिर्भर बन कर अब 'लखपति दीदी' के रूप में नई पहचान बना रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश की महिलाएं विभिन्न योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम सिमड़ा की पूनम देवी भी इसी बदलाव की एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी है। पूनम देवी गणेश महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य है और आज 'लखपति दीदी' के रूप में जानी जाती हैं। कभी सीमित संसाधनों के साथ घर-परिवार की जिम्मेदारियों में लगी रहने वाली पूनम देवी ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन की दिशा बदल दी।

अन्य महिलाओं को देख मिली प्रेरणा- पूनम देवी बताती हैं कि पहले वे घर-गृहस्थी के कामकाज तक ही सीमित थी और परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए मजदूरी का सहारा लेना पड़ता था। आर्थिक स्थिति सामान्य थी, जिससे परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन हो जाता था। इसी दौरान उन्होंने गणेश महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बचत, ऋण सुविधा और स्व-रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी मिली। समूह की अन्य महिलाओं को मछली व बकरी पालन सहित अन्य आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आय अर्जित करते देख उन्हें भी प्रेरणा मिली। वर्ष 2025 के मार्च माह में उन्होंने मुद्रा योजना के तहत 1 लाख रुपए का ऋण प्राप्त किया। इस राशि का उपयोग उन्होंने अपने छोटे से किराना दुकान के विस्तार में किया। किराना दुकान को व्यवस्थित और बड़ा करने के बाद उनके व्यवसाय में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी। वर्तमान में उनकी दुकान से हर माह लगभग 30 से 35 हजार रुपए तक की बिक्री हो जाती है। इस आय से वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के साथ ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी अच्छी तरह से कर पा रही हैं।



## महानदी किनारे हुआ पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**चंद्रपुर।** पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण के निर्माण तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के उद्देश्य से महानदी के किनारे लात नाका स्थित खनिज जांच चौकी के पीछे व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषणए लगातार बढ़ते तापमान और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है कि वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करें।

# दोकड़ा में निकाली गई श्री जगन्नाथ की बहुड़ा रथयात्रा

**जशपुरनगर।** जिले के विकासखंड कांसाबेल स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की पावन बहुड़ा रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई।

मौसी बाड़ी में नौ दिनों तक भक्तों को दर्शन देने के बाद महाप्रभु भव्य रथ पर विराजमान होकर पुनः श्री मंदिर के लिए प्रस्थान किए। हजारों श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के उद्घोष, हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रथ की रस्सी खींचकर भगवान का स्वागत किया। मंदिर के गजपति के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पुत्री स्मृति साय एवं उनके भाई विनोद साय ने परंपरा निभाई। साथ ही पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार भगवान की पूजा-अर्चना की एवं भगवान श्री जगन्नाथ से प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। गौरतलब है कि दोकड़ा की ऐतिहासिक रथयात्रा वर्ष 1942 से निरंतर आयोजित की जा रही है और आज यह आयोजन छत्तीसगढ़, ओडिशा तथा झारखंड के श्रद्धालुओं के लिए आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन चुका है। बहुड़ा रथयात्रा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन किए तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।



### श्रद्धालु प्राप्त करेंगे आशीर्वाद

बहुड़ा यात्रा के साथ भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा श्री मंदिर परिसर लौट आए हैं, किंतु परंपरा के अनुसार वे अभी तीन दिनों तक रथ पर ही विराजमान रहेंगे। इस दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### निभाई जाएगी नीलाद्री विजय की परंपरा

मंदिर समिति के अनुसार शनिवार को भगवान का भव्य सोना वेश होगा। जिसमें महाप्रभु को स्वर्णाभूषणों से अलंकृत किया जाएगा। रविवार को अधर पाना की परंपरा निभाई जाएगी तथा सोमवार को नीलाद्री विजय के अवसर पर भगवान पुनः श्री मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करेंगे।नीलाद्री विजय की सबसे विशेष परंपरा में भगवान श्री जगन्नाथ, माता लक्ष्मी को रसगुल्ला अर्पित कर उन्हें मनाने का प्रयास करेंगे।

# अब स्कूल जाने में नहीं होगी दिक्कत नवमीं के छात्रों को मिली साइकिल

**कुडेकेला।** बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरस्वती साइकिल योजना के तहत लाभार्थी छात्राओं को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेला में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में मुख्य अतिथि श्रीमती गीजे बाई संत राम राठिया सरपंच कुडेकेला, विशिष्ट अतिथि अनिल साव उपसरपंच, भूतपूर्व सरपंच संत राम राठिया, भूतपूर्व उप सरपंच प्रवीण गुप्ता, भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप यादव शिक्षाविद राम प्रसाद राठिया, महेश राम राठिया, ओम नारायण कुंवर कुडेकेला, जनप्रतिनिधियों पालकों के मध्य साइकिल वितरण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेला में हाथी प्रभावित क्षेत्रों के बहुतायत गांव से बालिकाएं पढ़ने आते है।



# ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में ओपीजेएस का शानदार प्रदर्शन

**रायगढ़।** ओपी जिंदल स्कूल ओपीजेएस रायगढ़ के विद्यार्थियों ने सीबीएसई फार ईस्ट ज़ोन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित किया। 19 से 22 जुलाई तक पुरुलिया पश्चिम बंगाल में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के 11 राज्यों से 1300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। ओपीजेएस रायगढ़ के 10 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें विद्यालय के मानशी पटेल, याशिका पटेल, एवं वाशु शर्मा ने स्वर्ण एवं साई पावनी तथा कनिष्का महंती ने कांस्य पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। वहीं शांभवी सिंह, ईशान पटेल, निहाल ठक्कर एवं वाची शर्मा ने अपने अपने मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कड़ी टक्कर दी और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के बाद पराजित हुए, जिससे उनकी प्रतिभा और संघर्षशीलता का परिचय मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरके त्रिवेदी ने सभी पदक विजेताओं, प्रतिभागियों, कोच एवं मैनेजर को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विशेष रूप से 20 सितंबर 2026 से पानीपत हरियाणा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि विद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाएंगे।



**पृष्ठ 1 का शेष**

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं ...

आंगनबाड़ी सहायिकाओं की जायज मांगों को शासन स्तर पर प्रमुखता से उठाया जाएगा तथा उनके हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ की ओर से रूपा सोनी, कलावती परहा, पार्वती यादव, सविता, बिमला बाई, आशा, लालमति, मीनाक्षी, हेमबिनोला, निमा, गुलशन पैकरा, सुमित्रा यादव एवं बैजंती भगत सहित अन्य आंगनबाड़ी सहायिकाएं शामिल रहीं। उन्होंने एक स्वर में अपनी मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सहायिकाएं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन कर रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ व शिशु स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन कर रहीं हैं। इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित सम्मान और अवसर नहीं मिल रहा है।

**27 से 29 जुलाई तक होने वाली हैंडबॉल प्रतियोगिता में लेंगे भाग**

# भुवनेश्वर रीजन के क्लस्टर हैंडबॉल स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भुवनेश्वर रीजन के अंतर्गत बिलासपुर क्लस्टर हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 24 जुलाई तक पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में बिलासपुर क्लस्टर के 06 जवाहर नवोदय विद्यालयों के अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग के कुल 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

दो दिवसीय प्रतियोगिता में सभी टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए, जिनमें प्रतिभागियों ने अनुशासन, खेल भावना, टीमवर्क एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 48 प्रतिभागियों का चयन रीजनल स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित प्रतिभागी 27 से 29 जुलाई तक आयोजित होने वाली भुवनेश्वर रीजनल स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह रीजनल स्तर की प्रतियोगिता भी पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ छत्तीसगढ़ में ही आयोजित की जाएगी।





विद्यालय प्रशासन ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के पीईटी -एम एवं पीईटी -एफ का विशेष योगदान रहा। उनके कुशल मार्गदर्शन, समन्वय एवं अथक प्रयासों से प्रतियोगिता सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। साथ ही, इस प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग प्रदान करने हेतु बाहर से पधारे तीन विशेष आमंत्रित सहयोगियों/खेल विशेषज्ञों का विद्यालय परिवार की ओर से विशेष धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।




